समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# पुणे किला हत्याकांड : मंगेतर की हत्या की आरोपी सिया गोयल ने कैमरे पर दिखाई मिडिल फिंगर, कोर्ट मे आज होगी पेशी

Sanket Morankar

Published on 03 Jul 2026



पुणे के चर्चित लोहागढ़ किला हत्याकांड में आरोपी **सिया गोयल** एक बार फिर विवादों में आ गई है। मंगेतर **केतन अग्रवाल** की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह पुलिस के साथ घर से बाहर निकलते समय मीडिया की ओर मिडिल फिंगर दिखाती नजर आ रही है।

इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने सिया के व्यवहार की कड़ी आलोचना की है और इसे संवेदनहीन तथा अहंकारी बताया है।

पुलिस जांच के दौरान सामने आया वीडियो

समाचार एजेंसी आईएएनएस द्वारा साझा किए गए करीब 17 सेकंड के वीडियो में सिया गोयल पुणे के मार्केट यार्ड स्थित अपने घर से पुलिस के साथ बाहर निकलती दिखाई देती है।

वीडियो में उसने काले रंग की टी-शर्ट पहन रखी है और चेहरे को स्कार्फ से ढक रखा है। बाहर मौजूद मीडिया कर्मियों को देखकर वह कैमरे की ओर मिडिल फिंगर दिखाती है।

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कई लोगों ने उसके व्यवहार पर नाराजगी जताई।

सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा

वीडियो वायरल होने के बाद कई यूजर्स ने सिया के रवैये को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी।

एक यूजर ने लिखा कि आरोपी में किसी तरह का पछतावा नजर नहीं आ रहा, जबकि दूसरे ने उसे “अहंकारी” बताते हुए उसके व्यवहार की आलोचना की।

क्या है पूरा मामला ?

पुलिस के अनुसार, **18 जून 2026** को पुणे के लोहागढ़ किले पर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी **चेतन चौधरी** ने मिलकर सिया के मंगेतर **केतन अग्रवाल** को घाटी में धक्का देकर हत्या कर दी।

घटना के बाद सिया ने पुलिस को बताया था कि केतन का पैर फिसल गया और वह दुर्घटनावश खाई में गिर गया। शुरुआत में पुलिस ने इसे दुर्घटना मानते हुए आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था।

हालांकि, जांच के दौरान पुलिस को सिया के व्यवहार पर संदेह हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, मंगेतर की मौत के बाद भी उसके चेहरे पर दुख या घबराहट के कोई संकेत नहीं थे। इसके बाद मामले की गहन जांच शुरू की गई।

पहली कोशिश नाकाम, दूसरी बार रची साजिश

जांच में पुलिस के सामने चौंकाने वाली जानकारी आई।

बताया गया कि **14 जून** को भी सिया ने केतन को किले पर ले जाकर धक्का देने की कोशिश की थी, लेकिन वह झाड़ियों का सहारा लेकर बच गया। उस समय शक से बचने के लिए सिया ने सांप देखने का नाटक किया और केतन को गले लगाकर स्थिति संभाल ली।

इसके बाद उसने दोबारा केतन को किले पर आने के लिए तैयार किया। इस बार उसने अपने प्रेमी चेतन चौधरी को भी वहां बुलाया, जहां दोनों ने कथित तौर पर पीछे से धक्का देकर केतन को गहरी खाई में गिरा दिया।

नवंबर में होनी थी शादी

पुलिस के अनुसार, सिया और केतन के परिवारों ने दोनों की शादी तय कर दी थी और नवंबर 2026 में उनका विवाह होना था।

जांच में सामने आया है कि चेतन चौधरी सिया और केतन के रिश्ते से नाराज था और केतन को अपने रिश्ते में बाधा मानता था। इसी वजह से दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची।

आज कोर्ट में होगी पेशी

पुलिस आज दोपहर **2:30 बजे** सिया गोयल और चेतन चौधरी को वडगांव कोर्ट में पेश करेगी।

पुणे ग्रामीण पुलिस दोनों आरोपियों की आगे की पूछताछ के लिए अतिरिक्त पुलिस रिमांड की मांग कर सकती है। वहीं, आरोपियों की ओर से न्यायिक हिरासत की मांग किए जाने की संभावना है।

फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और सभी सबूतों को अदालत के सामने पेश करने की तैयारी में जुटी है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.